प्रेस नोट दिनांक 09-03-2024 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

कब्जे से चोरी का माल, एक ईको गाडी फर्जी रजिस्ट्रेशन न0 मय फर्जी आरसी व 500 ग्राम अवैध चरस बरामद।

दिनाँक 05.03.24 को वादिया श्रीमती वन्दना पत्नी आलोक कुमार निवासी गाँव नगला जाट थाना जसराना द्वारा वादिया के थैले में रखे जेवरात जिनमें सोने की 04 अंगूठी, सोने के एक जोडी झाले व सोने की एक जन्जीर को चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 128/24 धारा 379 भादवि बनाम 1.ईको गाडी चालक व 2. कन्डक्टर नाम पता अज्ञात पंजीकृत कराया गया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 प्रबल प्रताप सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में टीम गठित कर घटना का शीघ्र अनावरण करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त आदेश के अनुपालन में गठित टीमों द्वारा घटना के अनावरण हेतु लगातार सुरागरसी पतारसी की जा रही थी। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एटा चौराहे से 03 अभियुक्तों 1. नेहा, 2. प्रदीप 3. सुरेन्द्र को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से पीली धातु की एक अदद चैन, 04 अंगूठी, दो झाले व 500 ग्राम चरस तथा एक अदद गाडी ईको, फर्जी रजिस्ट्रेशन नम्बर प्लेट तथा फर्जी आरसी की छाया प्रति बरामद की गयी है जिसके सम्बन्ध में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0स0 139/24 धारा 411,414,467,468,471 भादवि व मु0अ0स0 140/24 धारा 8/20 एऩडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगणो के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पुछताछ का विवरण-

सभी अभियुक्तगणों ने एक स्वर में बताया कि कुछ दिन पहले हमने एक महिला को एटा चौराहा शिकोहाबाद से बिठाया था जिसके बैग से हमने ये सारा सामान चोरी किया था। ईको गाडी के बारे में पूछने पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि ये गाड़ी हमने आगरा से चुरायी थी तथा इसके इंजन न0 व चेसिस न0 हमने मिटा दिये थे तथा फर्जी नम्बर प्लेट लगा ली थी ताकि हम लोग पकडे ना जा सके। इसलिये हमने फर्जी नम्बर प्लेट की फर्जी आरसी भी बना ली थी।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. नेहा पत्नी प्रदीप निवासी मंजूर गढी बरौली रोड थाना क्वार्सी अलीगढ।
2. प्रदीप पुत्र सुखपाल निवासी मंजूर गढी, बरौली रोड थाना क्वार्सी अलीगढ।
3. सुरेन्द्र पुत्र सतवीर निवासी मंजूर गढी, बरौली रोड थाना क्वार्सी अलीगढ।

आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण

1. मु0अ0सं0 128/24 धारा 379/411 भादवि थाना शिकोहाबाद थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
2. मु0अ0स0 139/24 धारा 411,414,467,468,471 भादवि थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
3. मु0अ0स0 140/24 धारा 8/20 एऩडीपीएस थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण

1. पीली धातु की एक अदद चैन
2. चार अगूठी
3. दो झाले
4. एक अदद गाडी ईको
5. फर्जी रजिस्ट्रेन नम्वर प्लेट
6. फर्जी आरसी की छायाप्रति
7. 500 ग्राम चरस

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार सिंह थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 मनोज पौनियाँ थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
3. है0का0 980 जयप्रकाश थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
4. का0 985 राहुल कुमार थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
5. म0का0 332 नीशू थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।